जब कान्हा को जन्म भयो है

कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

जब कान्हा को जन्म भयो है,
हीरा मोती लुटावे यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

जब कान्हा की छठी पुजी है,
पीला पितांबर पहनामें यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

अपने लाल को पलना झूलामें,
कभी-कभी लोरी सुनामें यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

जब कान्हा ने बोलना सीखा,
राधे-राधे रटामे यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

जब कान्हा ने चलना सीखा,
बजनी पैजनिया पहनामें यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

जब कान्हा ने खेलना सीखा,
गेंद और बल्ला दिलामें यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

जब कान्हा मेरा भयो सयानो,
राधा से मिलन करावे यशोदा मैया,
कान्हा पर लाड लडावे यशोदा मैया....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28613/title/jab-kanha-ka-janam-bhyo-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |